# लखनादौन में अवैध कॉलोनियों का जाल

## धड़ल्ले से हो रही रजिस्ट्री, नियमों को दरकिनार कर काटी जा रहीं कॉलोनियां, खरीदारों की बढ़ रही मुश्किलें

**सिवनी नवभारत। जिले के लखनादौन क्षेत्र में इन दिनों अवैध कॉलोनियों का जाल तेजी से फैलता जा रहा है। बिना वैध अनुमति और जरूरी शासकीय स्वीकृतियों के जमीनों को छोटे-छोटे प्लॉटों में बांटकर कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं। हैरानी की बात यह है कि इन कॉलोनियों के प्लॉटों की रजिस्ट्री भी धड़ल्ले से हो रही है, जबकि नियमों के अनुसार बिना स्वीकृत लेआउट के कॉलोनी विकसित करना और प्लॉट की बिक्री करना अवैध माना जाता है।**

इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की सुस्ती के कारण यह कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध कॉलोनी काटने वाले और संबंधित विभागों के कुछ जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे खेल में मौन साधे हुए हैं, जिससे ऐसे कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।



### खेती की जमीन को प्लॉट में बदलने का खेल

लखनादौन के आसपास के क्षेत्रों में कृषि भूमि को बिना विधिवत डायवर्सन और कॉलोनी विकास की अनुमति के ही प्लॉट में तब्दील किया जा रहा है। जमीन मालिक या बिचौलिए बड़े भूखंडों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर उन्हें कॉलोनी का स्वरूप दे देते हैं और फिर आकर्षक दामों में प्लॉट बेचने का सिलसिला शुरू हो जाता है।

### नहीं है मूलभूत सुविधा

इन कॉलोनियों में न तो सड़क, नाली, बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कोई योजना होती है, लेकिन सस्ते दाम और शहर के नजदीक होने के कारण लोग प्लॉट खरीदने के लिए आकर्षित हो जाते हैं। बाद में उन्हें सुविधाओं के अभाव और कानूनी अड़चनों का सामना करना पड़ता है।

### रजिस्ट्री पर भी नहीं लग रही रोक

नियमों के मुताबिक किसी भी कॉलोनी के प्लॉट की बिक्री और रजिस्ट्री तभी की जा सकती है जब कॉलोनी का लेआउट सक्षम प्राधिकरण से स्वीकृत हो। इसके बावजूद लखनादौन क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के प्लॉटों की रजिस्ट्री बिना किसी रोक-टोक के जारी है।

## मां कर्मा की जयंती 15 को मनाई जाएगी

**सिवनी।** जिले के लखनादौन नगर ईकाई तत्वाधान में एवं लखनादौन ईकाई अध्यक्ष सोहन लाल गोल्हानी एवं आयोजन समिति अध्यक्ष संजय गोल्हानी की अध्यक्षता में आगामी 15 मार्च 2026 दिन रविवार को तेली साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा जी की 1009 वी जयंती समारोह का आयोजन किया जाना है जिसको लेकर लखनादौन साहू तेली समाज के समस्त एवं अन्य ग्रामों के स्वजातीय बंधुओं को सूचना कर बैठक आयोजित की गई, बैठक में सर्वप्रथम साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि कर्मा देवी मैयाजी के शैल चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरांत आगामी कार्यक्रम को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के पश्चात बैठक मे भव्य शोभा यात्रा के विषय में चर्चा हुई जिसमें बताया गया कि शोभा यात्रा पप्पी लान से होते हुए बस स्टैंड दुर्गा चौक एवं बाजार चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल पप्पी लान पहुंचेंगी उसके उपरांत मां कर्मा की पूजन एवं आरती के बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं 80 वर्ष की आयु के प्रबुद्धजनों का सम्मान, वहीं साथ-साथ विभिन्न संस्कृतिक विविध कार्यक्रमों पर सर्वसहमति से प्रस्ताव पारित कर अन्य आयोजन किए जाने हैं जिन्हें लेकर विस्तृत बात की गई, बैठक में नगर सहित विभिन्न ग्रामों से पहुंचे स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का स्नेह सम्मेलन शुक्रवार से

### युवा छात्र-छात्रा देंगे गायन, वादन और डांस की रंगारंग प्रस्तुति

**सिवनी नवभारत।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के स्नेह सम्मेलन सह वार्षिकोत्सव, 2026 का दो दिवसीय रंगारंग आयोजन शुक्रवार से शुरू हो रहा है। दो दिनों के इस मंचीय कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा और हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा।

पीएम कॉलेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय ने बताया कि सिवनी के विधायक दिनेश राय मुनमुन उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा की जिलाध्यक्ष मीना बिसेन करेंगी। जनभागीदारी अध्यक्ष पांडेय ने संभावना जताई है कि सिवनी- बालाघाट की सांसद भारती पारधी भी समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हो सकती हैं.

प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने बताया कि सत्र के दौरान शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, एनसीसी, एनएसएस और खेलकूद गतिविधियों में कॉलेज का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान् छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर सत्येन्द्र शेन्डे और स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर ने जानकारी देते हुए बताया कि एम ए (हिंदी) के आठ विद्यार्थियों ने हिंदी में नेट परीक्षा पास कर कॉलेज का नाम रोशन किया है. उन्हें भी वार्षिकोत्सव के दौरान सम्मानित किया जाएगा. बताया कि वार्षिकोत्सव में कॉलेज के युवा विद्यार्थियों की डांस, वादन और गायन विधाओं में रंगारंग प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्रबिंदु रहेंगी। मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा और हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा। शनिवार को वार्षिकोत्सव के समापन अवसर पर जिले के कलेक्टर और एसपी मौजूद रहेंगे. कार्यक्रम में सिवनी जिले के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, समाजसेवी, साहित्यकार और गणमान्य नागरिक भी आमंत्रित हैं ।

जन भागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय और प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने सभी विद्यार्थियों, कलाप्रेमियों, बुद्धिजीवियों और गणमान्य नागरिकों से वार्षिकोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

# सांसारिक बंधनों से मुक्ति दिलाती है श्रीमद्भागवत कथा : इन्दुभवानन्द तीर्थ

**सिवनी नवभारत।** भागवत कथा सांसारिक बंधनों से मुक्ति दिलाती है, साथ ही जीवन का कल्याण करती है। ये बातें पांजरा (केवलारी) में जारी श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को बोरीयाकला शंकराचार्य आश्रम रायपुर से पधारे कथा व्यास परमपुज्य 1008 यतिप्रवर दण्डी स्वामी डॉ. श्री इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज ने श्रद्धालुजनों से कहीं। प्रवाचक ने श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य, परीक्षित उपाख्यान और शुकदेव जी के आगमन का वर्णन किया। भक्ति, ज्ञान और वैराग्य पर जोर देते हुए बताया कि कृष्ण कथा जीवन का कल्याण करती है। बताया कि राजा परीक्षित ने कलयुग के प्रभाव में आकर शमीक ऋषि के गले में मृत सांप डाल दिया, जिसके बाद ऋषि के पुत्र ने उन्हें सात दिन में मरने का श्राप दे दिया। इसके बाद राजा परीक्षित ने अपना राज्य छोड़ दिया और गंगा किनारे जाकर प्रायश्चित करने लगे, जहां शुकदेवजी ने भागवत कथा सुनाकर उन्हें मुक्ति दिलाई। प्रवाचक ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से ही पापों से मुक्ति मिलती है और यह ईश्वर प्राप्ति का सबसे सुलभ साधन है।



## नवीन आवेदन एवं नवीनीकरण की अंतिम तिथि 31 मार्च तक

**सिवनी नवभारत।** सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण सिवनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत एमपीटास पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नए तथा नवीनीकरण आवेदन शुरू कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पात्र विद्यार्थी एमपीटास पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी अंतिम तिथि से पहले अपना आवेदन भरकर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें, ताकि छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त किया जा सके।

# भावा एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय का 17वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया

**घंसौर नवभारत।** घंसौर के भावा एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल का 17 वाँ स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के छात्र दल द्वारा मुख्य अतिथियों के आगमन पर बैंड बाजा के साथ स्वागत किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाल सिंह भाटी रहे एवं अर्चना सिंह व अनीता सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष अंशुल परिहार, जॉइंट सेक्रेटरी शौर्य वीर राणा, विश्वजीत प्रताप सिंह सिसोदिया, मुख्य कोऑर्डिनेटर उमाशंकर शर्मा, फाउंडर मेंबर सुधीर सारंग तथा विद्यालय के प्राचार्य मोहित ठाकुर एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य, लोकगीत एवं अन्य आकर्षक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों को देखकर अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहना की साथ ही महिला दिवस का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें नारी शक्ति एवं मातृत्व के महत्व पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए गए इस अवसर पर विद्यालय में स्टार समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्टार प्रधान कर सम्मानित किया गया साथ ही विद्यालय के शिक्षकों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अभिभावको में वंदना सेन द्वारा शिक्षकों तथा विद्यालय परिसर की सराहना की एवं सभी अभिभावकों को सजक होने की लिए प्रेरणा प्रदान की। मुख्य अतिथि फाउंडर मेंबर प्रेसिडेंट एवं विद्यालय के प्रचार द्वारा विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए अनुशासन, लक्ष्य के प्रति समर्पण, शिक्षको के महत्व तथा विद्यालय के उज्वल भविष्य पर अपने विचार व्यक्त किए और सभी को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस प्रकार कार्यक्रम पूर्णता सफल रहा। आपको बता दें कि भावा एकेडमी की स्थापना 10 मार्च 2010 को राम छाया बड़ी बखरी की ममता मैई मां श्रीमती शशि प्रभा सिसोदिया भावा के जन्म दिवस पर इस ग्रामीण परिवेश के बच्चों को उत्कृष्टतम शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बखरी परिवार द्वारा की गई है।




# अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, युवक घायल



**छपारा नवभारत।** 10 फरवरी की शाम लगभग 6 बजे नगर के भीमगढ रोड़ स्थित पेट्रोल पंप से बाइक सवार युवक को एक अज्ञात वाहन ने ठोकर मारी और मौके से घायल युवक को छोड़कर फरार हो गया मिली जानकारी के अनुसार नगर के समीप ग्राम खुर्सीपार निवासी शत्रुघ्न भारती पिता राम चरण भारती 17 वर्ष मंगलवार की शाम नगर से गांव की ओर जा रहे युवक ने अपनी बाइक में भीमगढ स्थित पेट्रोल पंप से पैट्रोल भरवा कर घर जाते समय एक अज्ञात बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी युवक अनियंत्रित होकर गाड़ी सहित गिर गया , जिसके दाएं पैर में गंभीर चोट आई सूचना पर छपारा 108 ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घायल युवक की गंभीर स्थिति देखते हुए जिला चिकित्सालय सिवनी में भर्ती कराया गया वहीं पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# कार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, पीछे से आ रही एंबुलेंस जा टकराई

### दो महिला सहित चार घायल जिला चिकित्सालय रेफर

**छपारा नवभारत।** नगर से लगभग सात किलोमीटर दूर बीती 10 मार्च को देर रात्रि लगभग 2:00 बजे नागपुर से इलाज करवा कर लौट रहे एक परिवार की कार को एन एच 44 फोरलेन सड़क के रणधीर नगर के पास ग्राम झिलमिली गांव के मोड़ पर पहले एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया उसी दौरान पीछे से आ रही एक एंबुलेंस ने भी दोबारा दुर्घटना ग्रस्त कार को टक्कर मारी जिससे कार सवार दो महिलाओं सहित कुल चार लोगों को चोटें आई जिन्हें तीन छपारा,बंडोल एवं आदेगांव के 108 वाहनों ने पहले छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार कार क्रमांक एमपी 54 जेडसी 2914 में सवार नागपुर से उमरिया की तरफ जा रहे थे तभी रणधीर नगर झिलमिली मार्ग में उनकी गाड़ी को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे इनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई तभी एक पीछे से आ रही एक प्राइवेट एंबुलेंस क्रमांक यूपी 70 एनटी 9521 ने कार को पुन: टक्कर मार दी जिससे हादसा और भीषण हो गया कार में सवार कोमल कुमारी 26 वर्ष, अनुराग ठाकुर 32 वर्ष उनके पिता रामप्रसाद ठाकुर 62 वर्ष उनकी माताजी अरुणा ठाकुर 58 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई, सभी को गर्दन पीठ और पैर पर चोट आई 108 वाहनों ने मौके पर तत्काल पहुंच सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती करवाया , जहां घायलों की स्थिति देखते हुए छपारा से दो 108 के माध्यम से ही जिला अस्पताल के लिए रेफर किए गए।

नागपुर से उपचार करा घर को लौट रहे परिवार का वाहन दोहरी वाहन की भीषण टक्कर से जहां क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें सवार महिलाओं सहित सभी चारों घायल दूर छिटक कर रेलिंग के पास गिरे पड़े मिले मौके पर दर्द से कराह रहे घायलों के लिए देवदूत बनकर दुर्घटना स्थल से मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए तीनों 108 वाहनों के स्टाफ ने मदद कर उपचार हेतु सहायता दी गई जो सराहनीय कार्य रहा।



# पांडिया छपारा ग्राम पंचायत में लगा समाधान शिविर

**उगली नवभारत।** संकल्प से समाधान शिविर का पां. छपारा ग्रामपंचायत के सभागार में जनपद पंचयात केवलारी के पंचायत समन्वयक सुरेंद्र वाडिवा ने पां. छपारा सेक्टर के अंतर्गत आनेवाले समष्त सचिव और रो. सहायकों की उपस्थिति में शिविर आयोजित किया गया।

वाडिवा सर से मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक ब्लाक पंचायत सेक्टर के अंतर्गत इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है, इसका मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत के प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को पंचायत के अंतर्गत आने वाली शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ हो सके। पंचायत के कार्यों के लिये यदि कोई पंचयात कर्मी किसी भी प्रकार से प्रलोभन स्वरुप कुछ राशी आदि की डिमांड करते हैं, वह रिश्वत के अंतर्गत आता है, अभि गत दिवस पलारी ग्राम पंचायत के सरपंच के द्वारा कुछ रिश्वत लेने के कारण ई ओ डब्ल्यू की टीम ने पकड़ कर कार्वाही किया. अत: अपने कार्यों के लिये किसी भी प्रकार से पैसों का लेनदेन करना और फोनपे आदि से राशी आहरण करना सब रिवतखोरी के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आते हैं, इस शिविर का मुख्य उद्देश्य हर घर तक पंचायय की योजनाओं से जोड़ कर लाभ दिलवाना है.



# मोहगांव सड़क में खतरनाक ट्रांसफार्मर से ग्रामीण दहशत में, आंगनबाड़ी के पास स्पार्किंग से बच्चों की जान पर खतरा

**कुरई नवभारत। जिले के ग्राम मोहगांव सड़क में विद्युत विभाग की गंभीर लापरवाही ग्रामीणों के लिए चिंता का कारण बनती जा रही है। गांव के आंगनवाड़ी भवन के पास स्थित माता मंदिर परिसर के समीप विद्युत विभाग द्वारा लगाया गया ट्रांसफार्मर लगातार स्पार्किंग और अंगार छोड़ रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।**

ग्रामीणों के अनुसार यह ट्रांसफार्मर आवासीय क्षेत्र और आंगनवाड़ी के बिल्कुल पास लगा हुआ है, जहां रोजाना छोटे-छोटे बच्चे पढ़ने आते हैं और आसपास खेलते भी हैं। ट्रांसफार्मर से आए दिन चिंगारियां निकलती रहती हैं, जिससे बच्चों, ग्रामीणों और मंदिर परिसर में होने वाले सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल लोगों की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार बिजली विभाग को मौखिक और लिखित रूप से सूचना दी जा चुकी है। ग्राम पंचायत के माध्यम से भी आवेदन देकर ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की गई, लेकिन गोपालगंज विद्युत केंद्र की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर का करंट जाल जमीन के काफी नजदीक है, जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों और बच्चों को कभी भी करंट लगने का खतरा बना रहता है। लगातार शिकायतों के बावजूद जब समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामवासियों ने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी दर्ज कराई है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और ऊर्जा विभाग से मांग की है कि जनहित और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द इस खतरनाक ट्रांसफार्मर को वहां से हटाकर किसी सुरक्षित स्थान पर स्थापित किया जाए, ताकि संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

### ग्रामीणों की चेतावनी-

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया गया और कोई दुर्घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।



# गौमांस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला पैदल जुलूस

**सिवनी/कुरई नवभारत।** जिले के कुरई थाना क्षेत्र की चौकी बादलपार अंतर्गत ग्राम बादलपार में मंगलवार देर रात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गोमांस के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 126 किलोग्राम गोमांस, दो फोर व्हीलर वाहन, मोबाइल फोन सहित अन्य सामग्री जप्त की है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 11 से 12 बजे के बीच मुखबिर की सूचना पर कुरई पुलिस और चौकी बादलपार पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम बादलपार में वकील खान के घर दबिश दी। दबिश के दौरान पालीथीन में रखा करीब 126 किलो गोमांस बरामद किया गया।

मौके से पुलिस ने अकबर (निवासी बरघाट), यूनुस (निवासी बादलपार) और शाहरुख (निवासी बादलपार) को गिरफ्तार कर लिया। वहीं कार्रवाई के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ आरोपी फरार हो गए। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी अलीम खान निवासी सिवनी सहित अन्य फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। संगठनों ने मांग की कि गोकशी में संलिप्त आदतन अपराधियों को जिला बदर किया जाए और आरोपियों के अवैध अतिक्रमण हटाए जाएं। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार आरोपियों का पैदल जुलूस निकाला।

वहीं फरार आरोपियों से जुड़ी राइस मिल और बिरयानी दुकान को तहसीलदार द्वारा सील कर दिया गया। इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए एसडीओपी बरघाट ललित गठरे के निर्देशन में जिले से अतिरिक्त सुरक्षा बल और विभिन्न थानों से पुलिस बल बुलाकर शांति व्यवस्था कायम की गई।

### तनाव का माहौल

घटना की जानकारी फैलते ही क्षेत्र में दिनभर तनाव की स्थिति बनी रही। एहतियातन प्रशासन ने इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर शांति व्यवस्था कायम रखी।

**हिंदू संगठनों ने जताया कड़ा विरोध**

मामले को लेकर विभिन्न हिंदू संगठनों ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। संगठनों ने जुलूस निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से गोकशी की गतिविधियां चल रही थीं।

### इनका कहना है

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गोमांस बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

**ललित गठरे, एसडीओपी बरघाट**

क्षेत्र में गोकशी करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो और आदतन अपराधियों को जिला बदर किया जाए।

**भुवनेश्वर रघुवंशी, हिंदू संगठन**

गांव में ऐसी गतिविधियों से लोगों में आक्रोश है, प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

**लक्ष्मण सिंह बंजारा, ग्रामीण बादलपार**

**मांग** ▶ रमज़ान की इबादत को देखते हुए सफाई, रोशनी और पानी की व्यवस्था की मांग, अध्यक्ष सनोड़िया ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

# शबे कद्र में व्यवस्थाओं पर जोर, मुस्लिम विकास परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**सिवनी नवभारत।** पवित्र माह रमज़ान के अंतिम अशरे में शबे क़द्र की मुबारक रातें शुरू हो चुकी हैं। इन दिनों शहर की मस्जिदों, मदरसों और कब्रिस्तानों में देर रात तक बड़ी संख्या में लोग इबादत, तरावीह और विशेष नमाज़ के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में नगर की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर मुस्लिम विकास परिषद, सिवनी ने नगर पालिका प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है।

परिषद के जिला अध्यक्ष साजिद खान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोड़िया से मुलाकात कर उन्हें लिखित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान परिषद के सरपरस्त शोएब राजा, शफीक पटेल सहित परिषद के कई सदस्य मौजूद रहे।



परिषद ने ज्ञापन में बताया कि रमज़ान के अंतिम दिनों में शहर की विभिन्न मस्जिदों में इबादत और तरावीह के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, वहीं शबे क़द्र की रातों में यह संख्या और अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में नागरिकों की सुविधा और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए नगर पालिका की ओर से विशेष व्यवस्थाएँ किए जाने की आवश्यकता है।

ज्ञापन में मांग की गई कि शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों सहित पूरे नगर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाए। सभी कूड़ा घरों से नियमित कचरा उठान कराया जाए तथा चूना और दवा का छिड़काव किया जाए ताकि गंदगी और दुर्गंध से राहत मिल सके। इसके अलावा मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव, मस्जिदों, मदरसों और कब्रिस्तानों के आसपास खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने, आवारा कुत्तों और सुअरों को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा प्रमुख मस्जिदों के सामने पानी के टैंकर उपलब्ध कराने की मांग भी परिषद द्वारा रखी गई। नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोड़िया ने परिषद के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि रमज़ान और शबे क़द्र के दौरान शहर में आने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। उन्होंने परिषद को आश्वस्त किया कि संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर जल्द ही उचित कार्यवाही कराई जाएगी। इस दौरान परिषद के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि नगर पालिका प्रशासन समय रहते व्यवस्थाओं को दुरुस्त करेगा, जिससे रमज़ान के पवित्र माह में शहर में इबादत करने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े ।

## प्रभारी मंत्री का दौरा कार्यक्रम

सिवनी। प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा 15 मार्च को सिवनी जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री वर्मा 15 मार्च को प्रात 06:20 बजे सिवनी पहुंचेंगे। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा 15 मार्च को दोपहर 12 बजे जिला भाजपा कार्यालय सिवनी के सभाकक्ष में जिला कोर कमेटी की बैठक में भाग लेंगे।


बाजार नीलामी सूचना 2026-2027

**कार्यालय ग्राम पंचायत गणेशगंज जनपद पंचायत लखनादौन जिला सिवनी म.प्र.**

**साप्ताहिक बैठकी बाजार नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत गणेशगंज के अधीनस्त दिन मंगलवार को लगने वाली साप्ताहिक बैठकी बाजार वित्तीय वर्ष 2026-2027 - 01/04/2026 से 31/03/2027 तक एक वर्ष के लिए नीलामी दिनांक 24/03/2026 दिन मंगलवार सुबह 11 बजे से की जावेगी।

इच्छुक व्यक्ति/ ठेकेदार/समूह उपस्थित होकर बोली प्रक्रिया में भाग ले सकते है। बोली में भाग लेने वाले व्यक्ती को आमानत राशि 30,000 अंको में (शब्दो तीस हजार रूपए मात्र) उपरोक्त तिथि में बोली प्रक्रिया के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा।

किसी भी बोली को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत कमेटी का होगा। नीलामी की विस्तृत जानकारी एवं शर्ते ग्राम पंचायत गणेशगंज भवन में कार्यालयीन समय पर नोटिश बोर्ड पर देखी जा सकती है।

**श्रीमति राजकुमारी सैयाम** सरपंच | **ब्रजेश तिवारी** उपसरपंच | **बलराम यादव** सचिव